हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 29 मार्च 2024

06 संसदीय निर्वाचन क्षेत्र बैतूल-29 में नामांकन...



07 चरस तस्करी करने वाले युवक को पुलिस ने...





**लोक सभा क्षेत्र**
भिंड
1 भाजपा प्रत्याशी — संध्या राय
2 कांग्रेस प्रत्याशी — फूल सिंह बरैया

**पिछली बार कौन जीता**
संध्या राय, भाजपा
**जीत का अंतर**
1 लाख 99 हजार, 885

## क्या रहेंगे मुद्दे?

लोकसभा चुनाव में भाजपा-कांग्रेस के अपने-अपने मुद्दे हैं। भाजपा का मुख्य मुद्दा अयोध्या में राम मंदिर और कश्मीर से धारा 370 हटाना है। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चेहरा पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। मोदी देश भर में दौरा कर विकास कार्यों के लोकार्पण और भूमिपूजन कर रहे हैं। अर्थात पार्टी मोदी लहर पर सवार है। दूसरी तरफ कांग्रेस हर वर्ग को न्याय की बात कर रही है। जांच एजेंसियों का दुरुपयोग पार्टी का बड़ा मुद्दा है। दो मुख्यमंत्रियों पहले हेमंत सोरेन और अब अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से कांग्रेस के इस आरोप को ताकत मिली है। राहुल गांधी की न्याय यात्रा से भी पार्टी को फायदे की उम्मीद है।

### बसपा में भी रहे कांग्रेस के बैरैया, दलितों में अच्छी पकड़, भाजपा को महिला प्रत्याशी होने का लाभ, लहर से उम्मीद

# फूल सिंह के बयान आत्मघाती, संध्या की निष्क्रियता से नाराजगी

*चंबल-ग्वालियर अंचल की भिंड लोकसभा सीट में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच कड़े मुकाबले के आसार हैं। भाजपा की ओर से सांसद संध्या राय फिर मैदान में हैं तो कांग्रेस ने भांडेर से विधानसभा का चुनाव जीते फूल सिंह बरैया को मैदान में उतारा है। भाजपा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पक्ष में चल रही लहर के साथ पार्टी प्रत्याशी के महिला होने का लाभ मिल सकता है, जबकि फूल सिंह बरैया पहले बहुजन समाज पार्टी में रहे हैं। उनकी दलित वर्ग में अच्छी पकड़ है। अलबत्ता, बरैया के कई विवादित बयान उनके लिए आत्मघाती साबित हो सकते हैं, वहीं भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी संध्या राय की निष्क्रियता के कारण क्षेत्र के लोग नाराज हैं।*

दिनेश निगम 'त्यागी' ⏭ भोपाल

चंबल-ग्वालियर अंचल में विधानसभा चुनावों की तरह लोकसभा के चुनाव भी भाजपा के लिए आसान नहीं हैं। मोदी लहर के बावजूद अंचल की अन्य सीटों की तरह भिंड में भी उसे कांग्रेस से कड़ा मुकाबला करना पड़ सकता है।

बसपा की मौजूदगी यहां दोनों दलों का खेल बिगाड़ती है। भाजपा की संध्या राय ने 2019 के चुनाव में बड़ी जीत दर्ज की थी। उन्होंने कांग्रेस के देवाशीष को लगभग दो लाख वोटों के अंतर से हराया था। पिछले चुनाव की तरह इस बार भी भाजपा के पक्ष में माहौल है। 2019 में पाक अधिकृत कश्मीर में एयर स्ट्राइक के कारण



संध्या राय



फूल सिंह बरैया

राष्ट्रीयता बड़ा मुद्दा था, जबकि इस बार भाजपा अयोध्या में राम मंदिर और कश्मीर में धारा 370 को भुनाने की तैयारी में है। पिछली बार भाजपा ने डॉ. भागीरथ प्रसाद का टिकट काट कर संध्या राय को टिकट दिया था। पहले वे विधायक थीं। पार्टी ने इस बार फिर उन पर भरोसा किया है। प्रत्याशी घोषित होने के बाद उनका लोगों से बात करते हुए एक वीडियो वायरल हो चुका है। इसमें लोग उन पर निष्क्रियता और क्षेत्र के लिए कुछ न करने का आरोप लगा रहे हैं। प्रत्याशी की यह स्थिति चुनाव में भाजपा को नुकसान पहुंचा सकती है। दूसरी तरफ कांग्रेस ने पिछले प्रत्याशी देवाशीष की जगह विधायक फूल सिंह बरैया को मैदान में उतारा है। बरैया एक समय बसपा के सर्वेसर्वा हुआ करते थे, अब कांग्रेस में हैं। इस नाते दलितों में उनकी अच्छी पकड़ है। भांडेर से वे लगभग 30 हजार वोटों के अंतर से चुनाव जीते हैं, लेकिन अपने कई बयानों के कारण वे सामान्य वर्ग की आंखों को खटकते हैं। कांग्रेस को चुनाव में इसका नुकसान उठाना पड़ सकता है।

### विधानसभा चुनाव में मिलीं 4-4 सीटें

विधानसभा चुनाव के लिहाज से भिंड लोकसभा क्षेत्र में भाजपा-कांग्रेस की ताकत लगभग बराबर है। दोनों दलों ने क्षेत्र की चार-चार सीटें जीती हैं। हालांकि माहौल कांग्रेस के पक्ष में ज्यादा था, लेकिन पार्टी के दो दिग्गज चौधरी राकेश सिंह भिंड और तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह लहार से चुनाव हार गए। इस चुनाव में भाजपा के एक दिग्गज डॉ. नरोत्तम मिश्रा को दतिया में पराजय का सामना करना पड़ा। विधानसभा चुनाव में भाजपा ने चार सीटें भिंड, लहार, मेहगांव और सेवढ़ा जीतीं, जबकि कांग्रेस ने अटेर, गोहद, भांडेर और दतिया में कब्जा किया।

### भिंड और दतिया जिले को मिलाकर बनी सीट

भिंड लोकसभा सीट अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित है। इसके अंतर्गत भिंड जिले की पांच और दतिया जिले की तीन सीटें आती हैं। भिंड जिले की सीटों में अटेर, भिंड, लहार, मेहगांव, गोहद और दतिया जिले की सेवढ़ा, भाण्डेर तथा दतिया शामिल हैं। वर्ष 2008 से पहले तक भिंड लोकसभा सीट सामान्य थी, लेकिन इसके बाद अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित हो गई। जब सीट सामान्य थी, तब 1996 से 2004 तक लगातार डॉ. राम लखन सिंह भाजपा से सांसद रहे हैं। 1991 में भी भिंड से योगानंद सरस्वती जीते थे। आरक्षित होने के बाद 2009 में अशोक अर्गल, 2014 में डॉ. भागीरथ प्रसाद और 2019 में भाजपा की संध्या राय चुनाव जीते हैं। संध्या को एक बार फिर मौका मिला है। 1989 से लगातार यहां भारतीय जनता पार्टी ही काबिज है।

**ग्राउंड रिपोर्ट**

### भिंड में दलित और पिछड़ों का बोलबाला

- भिंड क्षेत्र के जातीय समीकरणों पर नजर डालने से पता चलता है कि यहां दलित एवं पिछड़े वर्ग के मतदाताओं का बोलबाला है। दलित मतदाताओं की बहुतायत के कारण ही यह सीट अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित है। दूसरे नंबर पर पिछड़े वर्ग के मतदाताओं की तादाद अच्छी खासी है। चुनाव में सामान्य वर्ग के क्षत्रिय और ब्राह्मण मतदाता भी निर्णायक भूमिका निभाते हैं, लेकिन ये दोनों वर्ग एक पार्टी में साथ नहीं जाते। चंबल-ग्वालियर अंचल की जातीय राजनीति का असर भिंड में भी है। हर चुनाव में इसका असर पड़ता है।

## 85 प्लस और दिव्यांग मतदाताओं को घर बैठे मतदान की सुविधा मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र 17 मे 85 वर्ष प्लस के एवं दिव्यांग मतदाताओं को घर बैठे ही मतदान की सुविधा दी जाएगी। इसके लिए इन मतदाताओं को फॉर्म 12 भरकर अपनी सहमति देनी होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना ने गुरुवार को होशंगाबाद, नरसिंहपुर एवं रायसेन के उदयपुरा के सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की बैठक में बताया कि 85 प्लस एवं दिव्यांग मतदाताओं को घर बैठे मतदान सुविधा मिले इसके लिए मतदान दलों का गठन किया जाएगा एवं दल का प्रशिक्षण भी सुनिश्चित किया जाएगा। जो मतदाता घर से ही मतदान करेंगे उसकी जानकारी से राजनीतिक दलों एवं अभ्यर्थियों को भी सूचना देकर अवगत कराया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने डाक मतपत्र को सुरक्षित रखने के लिए स्ट्रांग रूम का चयन एवं व्यवस्था करने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया गया कि नरसिंहपुर जिले में कृषि उपज मंडी एवं उदयपुर में महाविद्यालय में स्ट्रांग रूम बनाए गए हैं। जहां ईवीएम सुरक्षित रखी जाएगी ईवीएम की सुरक्षा में बल की तैनाती की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने नर्मदापुरम, पिपरिया, सोहागपुर, सिवनी मालवा, गाडरवारा, तेंदूखेड़ा, नरसिंहपुर एवं उदयपुरा के सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मतदान से पूर्व वोटर स्लिप सभी मतदाताओं को वितरित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल तक वोटर लिस्ट अपडेट कर दी जाएगी।

वोटर लिस्ट की प्रति जनप्रतिनिधियों को भी उपलब्ध कराई जाएगी। कलेक्टर ने सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह निर्वाचन नामावली 2 अप्रैल तक सभी वेंडरो को उपलब्ध करा दें। फॉर्म - 6 का डिस्पोजल 31 मार्च तक कर दें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जांच नाको पर आने जाने वाले किसानों एवं डीलर्स को अनावश्यक रूप से परेशान न करने की हिदायत देते हुए कहा कि यदि किसी के पास 50 लाख रुपए से अधिक की सामग्री या नगदी मिलती है और वह व्यक्ति सभी प्रमाण दे रहा है तो उसे जाने दें। कलेक्टर ने बताया कि ईवीएम कमिशनिंग की सूचना सभी राजनीतिक दलों एवं अभ्यर्थियों को दी जाएगी। सभी सेक्टर अधिकारियों के वाहन में जीपीएस सिस्टम लगाए जाएंगे। जीपीएस सिस्टम के लिए कंट्रोल रूम की स्थापना भी की जाएगी। जिला आरटीओ अधिकारी कंट्रोल रूम के प्रभारी अधिकारी रहेंगे। मतदान दिवस के पूर्व सभी मतदान दलों को आवश्यक सामग्री, रूट चार्ट आदि दिया जाएगा। उन्होंने सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देश दिए की वे अपने-अपने मतदान दलों एवं सेक्टर अधिकारियों की कम से कम तीन बार ट्रेनिंग कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्वीप की गतिविधियां लगातार चलाने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए की राजनीतिक दल एवं अभ्यर्थी को मांग के अनुरूप सभी अनुमतियां समय पर मिल जाए। कलेक्टर ने सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारियों से कहा कि वह क्रिटिकल एवं वल्नरेबल मतदान केंदो को चिन्हित करें। बताया गया कि उदयपुरा में दो मतदान केंद्र वल्नरेबल एवं 12 मतदान केंद्र क्रिस्टल है।

## भाजपा प्रत्याशी ने भरा नाम निर्देशन पत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 17 में नामांकन के प्रथम दिन गुरुवार 28 मार्च को भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी दर्शन सिंह चौधरी ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। रिटर्निंग अधिकारी सोनिया मीना ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया।

## मरोड़ा और रजोन के बीच तवा नदी पर बने अस्थाई रपटे को प्रशासन ने तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

ग्राम पंचायत मरोड़ा के ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधियों ने शिकायत की है जिसमें मरोड़ा एवं रजोन के बीच तवा नदी पर अस्थाई रपटा बना कर आने जाने वाले आम जन से अवैध वसूली किये जाने के कारण लड़ाई झगड़ा एवं अप्रिय घटना घटित हो सकती है से संबंधी शिकायत की है। उक्त शिकायत को तत्काल संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी इटारसी के निर्देश अनुसार को मौका स्थल की राजस्व एवं पुलिस अधिकारियो द्वारा निरिक्षण किया गया एवं



शिकायत में उल्लेखित बिन्दुओं की पुष्टि होना पाया गया। जिस पर प्रशासन द्वारा प्रकरण दर्ज कर त्वरित कार्यवाही करते हुए 24 घंटो के भीतर शिकायत का निराकरण करते हुए,अवैध वसूली किये जाने वाले रपटे को तोड़ कर प्रशासन द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराया गया। जिसकी कार्यवाही के दौरान नायब तहसीलदार रामपुर एवं थाना प्रभारी रामपुर उपस्थित रहे। उक्त अवैध पुल के जरिए अवैध वसूली की शिकायत के सिलसिले में एसडीम इटारसी टी प्रतीक कुमार ने बताया कि ग्राम पंचायत मरोड़ा और रजौन के बीच में तवा नदी पर एक अस्थाई पुल निर्माण किया गया था जिस पर कुछ लड़कों द्वारा पुल पर आने-जाने के नाम पर अवैध वसूली की जा रही थी जिसे लेकर ग्राम पंचायत जनप्रतिनिधियों के द्वारा शिकायतें पहुंची शिकायत को सही पाया गया। गुरूवार को राजस्व और पुलिस टीम ने अवैध वसूली के रपटे को तोड़कर अतिक्रमण मुक्त कर दिया है।

## छात्राओं ने मेहंदी प्रतियोगिता के माध्यम से दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना एवं स्वीप नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत सोजान सिंह रावत के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत स्वीप गतिविधियों की श्रृंखला में गुरूवार को शासकीय गृह विज्ञान अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत स्वीप अभियान की गतिविधियां के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की



छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता गतिविधि में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया एवं मतदान करने के लिए सभी को प्रेरित किया।

## केलू उपाध्याय प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता नियुक्त

### मप्र कांग्रेस मीडिया विभाग का पुर्नगठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग का पुर्नगठन कर उसे तत्काल प्रभाव से लागू किये जाने के निर्देश जारी किये हैं। मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार मप्र कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष केके मिश्रा को मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष का मीडिया सलाहकार मनोनीत किया गया है। वहीं पूर्व मंत्री मुकेश नायक को मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग का अध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा जीतू पटवारी द्वारा मीडिया विभाग में प्रवक्ता मनोनीत किए गए है। जिसमे राजकुमार केलू उपाध्याय को मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी में पुनः प्रवक्ता मनोनीत किया गया है।

### गेहूं के लिए 72112, चना के लिए 20211, मसूर के लिए 11 एवं सरसों के लिए 291 किसानों ने पंजीयन कराया

# जिले में 3420 किसानों ने 71 केंद्र पर स्लॉट बुकिंग कराई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में 3420 किसानों ने 71 केन्द्र पर स्लॉट बुकिंग कराई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार इनमें सेवा सहकारी समिति चंदेरी, सेमरीखुर्द ढाबाकला, कांद्राखेड़ी, वह्मत्तकार सेवा सहकारी समिति इटारसी, सेवा सहकारी समिति आंखमउ गूजरवाड़ा, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बिछुआ, सेवा सहकारी समिति लोखरतलाई बानापुरा मंडी, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कालाआखर सुखतवा, सेवा सहकारी समिति सिरवाड़ा बाबई उपमंडी सोईलो बैग आरी, सेवा सहकारी समिति बुधवाड़ा टुगारिया, लोधड़ी, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सनखेड़ा, सेवा सहकारी समिति निमसाड़िया साईलो बैग सुक्करवाड़ा फार्म, पाटनी मारागांव, गुनौरा, सिवनीमालवा विपणन सहकारी समिति बानापुरा मंडी, झकलाय, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति सेमरीहरचंद मंडी, सेवा सहकारी समिति बागरातवा बाबई उपमंडी साईलो बैग सुक्करवाड़ा फार्म, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति पगढाल, सेवा सहकारी समिति भैरोपुर, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति भमेड़ी, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति शिवपुर, सेवा सहकारी समिति कांद्राखेड़ी, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति बाबई बाबई मंडी साईलो बैग आरी, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति धामनिया, सेवा सहकारी समिति पलिया पिपरिया मछेराकलां, सेवा सहकारी समिति ब्यावरा पवारखेड़ा, सेवा सहकारी समिति ब्यावरा, सेवा सहकारी समिति आंखमउ गूजरवाड़ा, सेवा सहकारी समिति सोमलवाड़ा, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति रायपुर होशंगाबाद मंडी, सेवा सहकारी समिति दहेड़ी रतवाड़ा, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बिछुआ, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति गुरंजघाट, सेवा सहकारी समिति बघवाड़ा, आदिमजाति सेवा सहकारी समिति केसला, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति रानी पिपरिया, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति शोभापुर, नर्मदाचंल विपणन सहकारी संस्था होशंगाबाद, सेवा सहकारी समिति मिसरौद उपमंडी प्रागंण डोलरिया, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति सांवलखेड़ा पालनपुर, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति सांवलखेड़ा, आदिमजाति सेवा सहकारी समिति नंदरवाड़ा, कृषक सेवा सहकारी समिति माल्हनवाड़ा, सेवा सहकारी समिति डंगरहाई कामती, सेवा सहकारी समिति घाटली, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति इटारसी मंडी क्रमांक 2, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति इटारसी मंडी क्रमांक 1, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति रायपुर मंडी होशंगाबाद, सेवा सहकारी समितिखपरिया हथनापुर, सेवा सहकारी समिति पिपल्याकला बानापुरा मंडी, सेवा सहकारी समिति गाड़ाघाट, सेवा सहकारी समिति ईशवरपुर मंहगवा, कृषक सेवा सहकारी समिति चांदौन समनापुर, सेवा सहकारी समिति अन्हाइ कपूरी सेमखेड़ा, कृषक सेवा सहकारी समिति उमरधा समनापुर, कृषक सेवा सहकारी समिति तरोनकलां पिपरिया मंडी, कृषक सेवा सहकारी समिति देवगांव कृषि उपज मंडी पिपरिया, कृषक सेवा सहकारी समिति सांडिया, कृषक सेवा सहकारी समिति रामपुर, किसान विपणन एवं प्रक्रिया सहकारी संस्था बनखेड़ी, सेवा सहकारी समिति अन्हाई कपूरी आमगांव सुरैलारंधीर, कृषक सेवा सहकारी समिति चांदौन, किसान विपणन एवं प्रक्रिया सहकारी संस्था बनखेड़ी अडानी एग्री लॉ साइलो जुन्हेटा, कृषक सेवा सहकारी समिति बनखेड़ी अडानी एग्री लॉ साइलो जुन्हेटा, सेवा सहकारी समिति डंगरहाई कामती अडानी एग्री लॉ साइलो जुन्हेटा, कृषक सेवा सहकारी समिति बनखेड़ी मंडी अडानी एग्री लॉ साइलो जुन्हेटा, सेवा सहकारी समिति महुआखेड़ा अडानी एग्री लॉ साइलो जुन्हेटा, सेवा सहकारी समिति पलिया पिपरिया अडानी एग्री लॉ साइलो जुन्हेटा, कृषक सेवा सहकारी समिति माल्हनवाड़ा अडानी एग्री लॉ साइलो जुन्हेटा तथा सेवा सहकारी समिति महुआखेड़ा अडानी एग्री लॉ साइलो जुन्हेटा शामिल हैं।

बताया गया है कि 27 मार्च 2024 तक की स्थिति में जिले में कुल 81 हजार 809 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। जिनमें गेहूँ के लिए 72 हजार 112, चना के लिए 20 हजार 211, मसूर के लिए 11 एवं सरसों के लिए 291 किसानों ने पंजीयन कराया है। इनमें सिवनीमालवा तहसील में कुल 21256 किसानों ने पंजीयन कराया है। इसी तरह से बाबई में 11 हजार 103, सोहागपुर में 10 हजार 910, बनखेड़ी में 9 हजार 410, पिपरिया में 9 हजार 196, इटारसी में 7 हजार 635, डोलरिया में 7 हजार 275, होशंगाबाद में 4 हजार 580 तथा होशंगाबाद नगर में 444 किसान ने अपना पंजीयन कराया है।

### स्टीकर लगाकर दिया मतदान करने का संदेश

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना एवं स्वीप नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत सोजान सिंह रावत के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत स्वीप गतिविधियों की श्रृंखला में गुरूवार को लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत नगर परिषद बनखेड़ी द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ऑटो स्टैंड पर सभी ऑटो रिक्शा में मतदाता जागरूकता स्टीकर लगाए गए। साथ ही शासकीय कार्यालयों तहसील बनखेड़ी, पुलिस थाना बनखेड़ी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनखेड़ी, आंगनवाड़ी केंद्र बनखेड़ी में जाकर अधिकारी-कर्मचारियों अधिवक्ताओं, नागरिकों के साथ मतदाता जागरूकता के नारे लगाए तथा मतदाता जागरूकता स्टीकर लगाए गए।

## खबर संक्षेप

### बैतूल संसदीय क्षेत्र के लिए आब्जर्वर पदस्थ

**बैतूल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा बैतूल संभागीय क्षेत्र में प्रेक्षक नियुक्त किए गए है। सामान्य प्रेक्षक के रूप में भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रदीप कुमार ठाकुर जिनका मोबाईल नंबर 8305574706, व्यय प्रेक्षक आईआरएस पी.धिवाहर मोबाईल नंबर 6261096487 एवं पुलिस प्रेक्षक के रूप में आयपीएस सी.संतोष कुमार तुकाराम, जिनका मोबाईल नंबर 7049135747 है। प्रेक्षक प्रदीप कुमार को संसदीय क्षेत्र 29 बैतूल की मुलताई 129, आमला 130, बैतूल 131, घोड़ाडोंगरी 132, भैंसदेही 133, टिमरनी 134, हरदा 135 एवं हरसूद 176 का दायित्व सौंपा गया है। व्यय प्रेक्षक पी.धिवाहर को 129 मुलताई, 130 आमला, 131 बैतूल, 132 घोड़ाडोंगरी एवं 133 भैंसदेही, 134 टिमरनी, 135 हरदा एवं 176 हरसूद का दायित्व सौंपा गया है। पुलिस प्रेक्षक के रूप में संतोष कुमार को 16 विधानसभा दायित्व सी.संतोष कुमार तुकाराम, 119- नरसिंहपुर, 120 तेन्दूखेड़ा, 121 गाडरवाड़ा, 129 मुलताई, 130 आमला, 131 बैतूल, 132 घोड़ाडोंगरी, 133 भैंसदेही, 134 टिमरनी, 135 हरदा, 136 सिवनी मालवा, 137 होशंगाबाद (नर्मदापुरम), 138 सोहागपुर, 139 पिपरिया, 140 उदयपुर एवं 176 हरसूद का दायित्व देखेंगे।

### चार अप्रैल तक चलेगी नाम निर्देशन की कार्रवाई

# संसदीय निर्वाचन क्षेत्र बैतूल-29 में नामांकन प्रक्रिया हुई प्रारंभ







हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र बैतूल-29 में गुरुवार से नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। नामांकन के प्रथम दिन 5 अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन पत्र प्राप्त किए गए। इनमें बहुजन मुक्ति पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, भारतीय जनता पार्टी एवं राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों के लिए नामांकन पत्र प्राप्त किए गए।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी मकसूद अहमद ने बताया कि 28 मार्च से प्रारंभ नामांकन प्रक्रिया आगामी 4 अप्रैल तक प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक रहेगी। इसके अलावा 29 मार्च गुड फ्रायडे, 31 मार्च दिन रविवार तथा 1 अप्रैल को निगोशिऐवल इन्सुमेंट के तहत अवकाश के चलते नामांकन पत्र नहीं भरे जाएंगे। नाम निर्देशन पत्रों की 5 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से संवीक्षा की जाएगी। नाम वापसी की तिथि 8 अप्रैल अपराह्न 3 बजे तक निर्धारित की गई है। प्रतीक आवंटन 8 अप्रैल को दोपहर 3 बजे के पश्चात किया जाएगा। इसके बाद 26 अप्रैल को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान किया जाएगा।

### निर्वाचन निर्देशों के अनुरूप सावधानी पूर्वक भरें नामांकन

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नामांकन प्रक्रिया 28 मार्च से 4 अप्रैल 2024 रात्रि 12 बजे तक प्रारंभ रहेगी। निर्वाचन प्रक्रिया संबंधी तिथि वार जानकारी के अनुसार स्क्रूटनिंग ऑफ नोटिफिकेशन 5 अप्रैल 2024, नाम वापसी की तिथि 8 अप्रैल निर्धारित की गई है। इसके अलावा 26 अप्रैल को मतदान किया जाएगा। मतगणना 4 जून को होगी तथा निर्वाचन समाप्ति की तिथि 6 जून रखी गई है।

#### आवश्यक दस्तावेज

जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सूर्यवंशी ने बताया कि नामांकन पत्र के साथ आवश्यक रूप से जमा करने वाले दस्तावेज जैसे शपथ पत्र, फार्म 26, प्रारूप ए एवं बी, निर्वाचक नामावली की अभिप्रमाणित प्रतिलिपि, प्राधिकृत अधिकारी (एस.टी.हेतु) के द्वारा जारी स्वयं का जाति प्रमाण पत्र, धारा 84 क के अनुसार शपथ पत्र (ओ.ए.टी.एच.) जमानत राशि (रू.12500) की रसीद या चालान, नामांकन पत्र के नवीन 20 फोटोग्राफ्स, अभ्यर्थी की फोटो के संबंध में घोषणा पत्र नामांकन फार्म, अभ्यर्थी के चुनाव हेतु खोले गए नये बैंक खाते की जानकारी एवं बैंक पासबुक के संबंध में सभी को अवगत कराया गया। बैठक में बताया कि नामांकन पत्र दाखिल करते समय रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय में अधिकतम 05 व्यक्ति अभ्यर्थी सहित प्रवेश कर सकेंगे।

#### फार्म-12 डी व फार्म-6

श्री ठाकुर ने बताया कि ऐसे मतदाता जो फार्म 12 डी के लिए पात्र एवं इच्छुक है उन मतदाताओं को बीएलओ द्वारा रिक्त फार्म 12 डी 17 मार्च 2024 से वितरण कर पावती प्रदाय करेंगे तथा भरे गये हस्ताक्षरित फार्म 12 डी का बीएलओ द्वारा एकत्रित कर 02 अप्रैल 2024 तक या उसी दिन सहायक रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में जमा करेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र. भोपाल से निर्वाचक नामावली में दावे फार्म नं. 6 लेने की समयावधि 25 मार्च को समाप्त हो चुकी है। निर्वाचक नामावली की पीडीएफ 02 अप्रैल 2024 तक बनाये जाने के निर्देश प्राप्त हुए है। रिटर्निंग अधिकारी को 05 अप्रैल 2024 तक मतदाता सूची के मार्कड् कॉपी में प्रदाय किये जाने के निर्देश प्राप्त हुए है।

### जिम्मेदार अधिकारी बेखबर

## महारपानी में यात्री प्रतीक्षालय की दुर्दशा, ग्रामीण परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले के भैंसदेही विकासखंड की ग्रामपंचायत मच्छी में जन सुविधा के लिए उपलब्ध साधन संसाधन पंचायत की अनदेखी का शिकार हो रहे है। किसी भी ग्राम या शहर का आइना वहा का बस स्टैण्ड होता है लेकिन पंचायत के अंतर्गत ग्राम महारपानी में यात्री प्रतीक्षालय अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। ग्राम पंचायत के चुने हुए। पंच सरपंच की लगातार अनदेखी से यह प्रतीक्षालय के आस पास रायमुनिया की इतनी बड़ी बड़ी झाडय़ों के झुंड हो गए है। की यहां ग्रामीण यात्री बैठना भी पसंद नहीं करते। दीवारों में दरार, बैठने की बेंच भी टूटकर बिखर गई है, प्रतिक्षालय का पूरा भवन जर्जर हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत में अब कोई भी जिम्मेदार इस ओर ध्यान देने तैयार नही है। सिर्फ ग्राम पंचायत भवन ही खुलता है वहा भी जरूरत मंद ग्रामीणों को कर्मचारियों का इंतजार करना पड़ता है। यहां पंचायती राज की धज्जियां उड़ रही है, लेकिन अधिकारी सब देखकर भी अनजान बन रहे है और ग्राम पंचायत में कोई भी विकासकार्य नही हो रहे है।

### मतदान दिवस पर 26 अप्रैल को रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**बैतूल।** राज्य शासन द्वारा निगोशिऐवल इन्स्ट्रूमेंटस एक्ट के तहत लोकसभा निर्वाचन के अनुक्रम में 26 अप्रैल 2024 को बैतूल संसदीय क्षेत्र में मतदान दिवस पर शासकीय अवकाश घोषित किया गया है। इस संबंध में जारी आदेशानुसार 4 चरणों में मतदान किया जाना है। 19 अप्रैल 2024, 26 अप्रैल 2024, 7 मई 2024 एवं 13 मई 2024 को मतदान दिवस के दिन संबंधित क्षेत्रों में सार्वजनिक अवकाश तथा सामान्य अवकाश रहेगा।

## युवक के हत्यारों को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर किया गिरफ्तार

### आरोपियों ने की थी युवक के साथ मारपीट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

साईंखेड़ा पुलिस ने गुरुवार गुड़ी निवासी युवक के हत्यारों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। इस संबध में प्रेस नोट जारी कर बताया गया कि दिनांक 27.03.2024 को थाना साईंखेड़ा मे मृतक बुधराव पिता मन्नी इवने उम्र 29 साल निवासी ग्राम गुड़ी की मृत्यू की सूचना पर मर्ग क्र. 09/24 धारा 174 जा. फौ. का कायम कर जांच मे लिया जाकर मृतक बुधराव के परिजन भाई जयदेव इवने एवं जीजा संतोष परते से पुछताछ की गई।

जिन्होने बताया कि दिनांक 26.03.2024 की रात्रि 09.30 बजे करीब गांव में आंगनबाड़ी केन्द्र के सामने रोड पर बुधराव इवने की बेहोसी की हालत में पड़े होने की सूचना मिलने पर दोनो घटनास्थल पर पहुंचे थे। जहां उन्हे पता चला कि बुधराव इवने के साथ गांव के पंकज नरें व कैलाश धुर्वे ने जान से मारने की नियत से हाथ, थप्पड, लात, घूसो से मारपीट की है, जिससे वह बेहोश हो गया। मृतक बुधराव को सिर मे पीछे एवं चेहरे पर चोटे लगी थी तथा नाक से खून भी आ रहा था, तो वे जल्दी से एक गाडी करके बुधराव को सरकारी अस्पताल बैतूल ले जा रहे थे। तभी रास्ते मे बैतूल बाजार के पास बुधराव की मौत हो गयी। मृतक बुधराव इवने के साथ पंकज नरें व कैलाश धुर्वे व्दारा की गई हाथ, थप्पड, लात, घूसो से मारपीट के कारण सिर मे चोट आने एवं उसको अंदरुनी अंगो मे चोट लगने से उसकी हत्या कर देना पाया गया। जो आरोपियो पंकज नरें व कैलाश धुर्वे के विरुद्ध धारा 302,34 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दौराने विवेचना गुरुवार को हत्या के आरोपीगण कैलास पिता फूलाजी धुर्वे उम्र 26 साल एवम् पंकज पिता चैपू नरें उम्र 21 साल दोनो निवासी गुड़ी थाना साईखेड़ा को ग्राम गुड़ी से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय मुलताई के समक्ष पेश किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा दोनो आरोपियो को जेल भेज दिया है। आरोपियो की गिरफ्तारी मे निरीक्षक मुकेश ठाकुर, उनि. पूनमचंद साहू, प्र.आर. 529 दिलीप झरबड़े, प्र. आर. 25 विनय जायसवाल, प्र. आर. 47 राजकुमार धुर्वे, प्र.आर. 282 रविन्द्र नागले, आर. 603 विनोद साहू, आर. 535 कुमेश की अहम भूमिका रही।

### भाजपा ग्रामीण मंडल की बैठक

## हर बूथ पर 370 वोट बढ़ाने का लक्ष्यः कमलेश सिंह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

ग्राम सलैया के गीता मन्दिर परिसर में गुरुवार की शाम भाजपा सारनी ग्रामीण मण्डल की बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला महामंत्री कमलेश सिंह ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव अब तक का सबसे महत्वपूर्ण चुनाव है।सभी पदाधिकारी प्रति दिन किसी न किसी बूथ पर प्रवास करें एवं उस बूथ पर पिछले चुनाव से 370 वोट बढ़ाकर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित करें।

इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री सहित,मण्डल अध्यक्ष मोहन मोरे,मण्डल प्रभारी प्रशांत गावंडे,वरिष्ठ नेता लिखीराम यादव,बाकुड़ सरपंच भैयालाल बैठे,शोभापुर सरपंच अंतुलाल उइके, विक्रमपुर सरपंच यशोदा मर्सकोले,धसेड सरपंच गणेश उइके ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।मण्डल प्रभारी प्रशांत गावंडे ने कहा कि सभी कार्यकर्ता संगठन द्वारा दिये गए कार्यक्रम को सफल बनायें एवं एक एक बूथ को जीतने का लक्ष्य तय करें। बैठक को मण्डल अध्यक्ष मोहन मोरे ने भी सम्बोधित किया और कहा कि आने वाले समय मे नव मतदाता, किसान, योजनाओं के लाभार्थियों के अलग-अलग सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। बैठक का संचालन महामंत्री दीपक सिनोटिया ने किया। इस अवसर पर किसान मोर्चा अध्यक्ष राकेश वर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुभाष यादव, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष दिनेश यादव, महिला मोर्चा अध्यक्ष वंदना , सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मुलताई पुलिस को मिली बड़ी सफलता सात स्थाई वारंटियों को किया गिरफ्तार

### नवागत थाना प्रभारी राजेश सातनकर लगातार कर रहे कार्रवाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

पुलिस थाना के नवागत थाना प्रभारी राजेश सातनकर ज्वाइनिंग के बाद से ही एक्शन मोड़ में नजर आ रहे है। उनके द्वारा अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने पिछले एक सप्ताह से लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिसमे प्रमुख रूप से पिछले कई वर्षो से फरार सात स्थाई वारंटीयो को पुलिस ने धर दबोचा है। जिन्हें माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जबकि बीते दिनों मासोद पुलिस चौकी क्षेत्र में महाराष्ट्र सीमा से लगे ग्राम दाबका, झुनकारी, सालबर्डी के जंगलों में अवैध शराब बनाने वालो की कमर तोड कर रख दी गई। जिससे अवैध शराब बनाने वालो में हड़कंप मच गया।

एसडीओपी एसपी सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी राजेश सातनकर ने अपनी टीम के साथ बड़ी मात्रा में अवैध महुआ लाहन नष्ट किया। वही अवैध शराब बनाने की भट्टियों को भी तोड़ दिया गया। थाना प्रभारी द्वारा मासोद में विगत 15 वर्षो से अवैध महुआ शराब बनाकर बेचने वाले उमेश ठाकुर पर आबकारी एक्ट में धारा 34/2 की कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया। बीते एक सप्ताह में उनके द्वारा मुलताई नगर और आसपास के ढाबों की सघन जांच कर बड़ी मात्रा में अवैध शराब जप्त कर आबकारी एक्ट 34/1 के अंतर्गत कुल 17 प्रकरण बनाएं गए।

मुलताई नगर के बीचों बीच अवैध शराब बेचने वाले पर भी आबकारी एक्ट की धारा 34/1 के अंतर्गत कार्यवाही की गई। थाना प्रभारी राजेश सातनकर द्वारा हरीश बेलदार नामक युवक से पिस्टल जप्त कर उस पर 25 आर्म एक्ट की कार्यवाही की गई। वही नगर के मुख्य मार्ग पर ट्रैफिक जाम करने वालो पर भी पुलिस एक्ट में थाना प्रभारी द्वारा कार्यवाही कर चालान बनाएं गए। महाराष्ट्र की सीमा से लगे होने के कारण लगातार गौ वंश तस्करी की शिकायत पर पुलिस द्वारा सक्रियता से कार्य करते हुए मुलताई थाना अंतर्गत खंबारा टोल नाके से गौ वंश तस्करी कर रहे पिक अप वाहन सहित आरोपी को पकड़कर लाया गया, जिसमें आरोपी को जेल भेज दिया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी राजेश सातनकर, उप निरीक्षक बसंत आहके, नीरज खरे,अमित पवार आदि का रहा सहयोग।

## चिन्हित दुकान से यूनिफार्म व अन्य सामग्री क्रय करने के लिए बाध्य करने पर होगी कार्रवाई

**सारनी।** वह निजी स्कूल जो गणवश अलावा स्कूल सामग्री भी अपने पास से बचने का काम करते हैं ऐसे ही स्कूल कॉलेजों को चिन्हित करके उन पर कार्रवाई किए जाने के आदेश पारित किए गए हैं।बताया जाता है कि जिले के घोड़ाडोंगरी ब्लॉक में कई निजी स्कूल अपने ही स्कूल प्रांगण में स्टेशनरी की अघोषित दुकान खोल रखते हैं जिससे अभिभावकों को अतिरिक्त भार उठाना पड़ता है।कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी द्वारा अशासकीय विद्यालय, महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को स्कूल,कॉलेज प्रबंधन द्वारा स्वयं विक्रय करने या चिन्हित,बताई गई दुकान विशेष से यूनिफार्म अथवा स्टेशनरी आदि क्रय करने के लिए बाध्य किए जाने के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए गए है।जारी आदेश के अनुरूप प्रबंधन द्वारा जिले में लोकसभा निर्वाचन के नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है।

## कुएं में गिरी 5 साल की बेटी को बचाते समय पिता भी गिरा, दोनों की मौत

**बैतूल।** मुलताई थाना क्षेत्र के ग्राम हिवरा में कुएं में गिरी पुत्री को बचाने गया पिता भी कुएं में गिर पड़ा। घटना में दोनों की कुएं के पानी में डूबने से मौत हो गई। ग्राम हिवरा निवासी रामदास उर्फ टंटूलाल पिता सक्कु दौंडी 35 साल की 5 वर्षीय पुत्री गुनगुन बुधवार दोपहर में ग्राम के हिवरा डैम के पास स्थित पंचायती कुएं में गिर गई थी सूचना मिलने पर रामदास भी मौके पर पहुंचा रामदास मैं गुनगुन को बचाने का प्रयास किया अचानक संतुलन बिगडने से रामदास भी कुएं में गिर पड़ा दोनों की कुएं के पानी में डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना पर दुनावा पुलिस चौकी से पुलिस बल मौके पर पहुंचा और ग्रामीणों की मदद से पिता पुत्री के शव को कुएं से बाहर निकाला।

### अयान ने कक्षा चौथीं में 99.67% अंक हासिल किए

## नर्सरी से लेकर कक्षा चौथी तक के परीक्षा परिणाम हुए जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई






स्कूलों में परीक्षा का दौर बीतने के बाद गुरुवार से परीक्षा परिणाम के दौर की शुरुआत हुई। गुरुवार मुलताई नगर के न्यू कार्मल स्कूल में नर्सरी से कक्षा चौथी तक के परीक्षा परिणाम जारी किए गए। जिनमें कक्षा चौथी में अध्यनरत अयान पटेल ने 99.67 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान हासिल किया। जिसके लिए उन्हें शाला के संचालक अनीश नायर, प्रिंसिपल विनीत नायर एवं स्टाफ द्वारा बधाई दी गई।

वही अयान पटेल की सफलता पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, उनकी पत्नी संध्या रानी सक्सेना एवम् मुलताई थाना प्रभारी राजेश सातनकर ने भी उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाईयां दी है। वही कक्षा चौथी में अक्षया पाठक 99.33 प्रतिशत अंको के साथ दूसरे स्थान पर रही, आराध्या पाठेकर 98 प्रतिशत अंको के साथ तीसरे स्थान पर रही एवं आयशा पटेल 97% अंकों के साथ चौथे स्थान पर रही। स्कूल के बच्चों द्वारा बेहतर प्रदर्शन करने पर सभी को बधाइयां प्रेषित की गई, वहीं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। शाला संचालक अनीश नायर ने बताया कि स्कूली बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक शिक्षा भी हासिल हो सके, इस हेतु लगातार प्रयास किए जाते रहते हैं।

### 31 वर्ष कोयले का उत्पादन करने के बाद यह खदान हो जाएगी बंद !

## पाथाखेड़ा की छतरपुर टू खदान 30 को करेगी अंतिम उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड पाथाखेड़ा की छतरपुर टू खदान 30 मार्च 2024 को बंद होने की तैयारी की जा रही है। यह खदान सन 1992 में मुहाना शुरू किया गया था और 1993 से इस खदान से लगातार कोयले का खनन किया जा रहा है। यह खदान 31 वर्ष तक लगातार कोयले का खनन करते हुए 45.5 लाख मिलियन टन कोयले का उत्पादन करने का रिकॉर्ड कीर्तिमान करने का कार्य किया है। खदान के बंद हो जाने से 149 कर्मचारियों को एक खदान से दूसरे खदान में पहुंचने का कार्य किया जाएगा। एक के बाद एक खजाने बंद होने का सिलसिला बदलते जारी है जबकि कोयलांचल क्षेत्र पाथाखेड़ा में नई कोयले की खदान खुलेने की संभावना केवल कागजो और आश्वासन पर ही दिखाई दे रही है जिसकी वजह से क्षेत्र के लोगों में जनप्रतिनिधियों के प्रति आक्रोश का माहौल दिखाई दे रहा है।

पाथाखेड़ा क्षेत्र में तवा टू खदान से 2001 से कोयले का खनन शुरू किया गया उसके बाद क्षेत्र में एक भी कोयले की खदान की सौगात नहीं मिल पाई बल्कि एक के बाद एक करके भूमिगत खदान के बंद हो जाने के कारण क्षेत्र में मायूसी और पलायन का दौर निर्मित हो गया है।




#### कब-कब हुई क्षेत्र में भूमिगत खदाने बंद

कोयलांचल क्षेत्र पाथाखेड़ा का यदि इतिहास देखा जाए तो सन 1962 में कोयलांचल क्षेत्र पाथाखेड़ा को बसाने का कार्य किया गया और तत्कालीन समय में पीके लन खदान 16 मई 1963 को इसका भूमि पूजन किया गया और जुलाई 1963 से पीके वन खदान से कोयले का खनन करने का कार्य जारी रखा गया क्षेत्र की मदर माइंस कहे जाने वाली पीके वन खदान से लगभग 46 वर्ष तक कोयला खनन करने के बाद 29 अगस्त 2009 को यह खदान बंद कर दी गई। जबकि पीके टू खदान एक मई 1971 को शुरू हुई और इस खदान से लगभग 40 वर्ष तक कोयले का खनन करने के बाद 14 जून 2011 को इस खदान से कोयला खनन करना बंद कर दिया गया। जबकि सतपुड़ा वन खदान सन 1970 शुरू की गई 26 वर्षों तक इस खदान से कोयले का खनन करने के बाद 10 दिसंबर 1996 को यह खदान बंद कर दी गई जबकि सतपुड़ा टू खदान 20 जून 1973 को शुरू हुई और 8 मई 2013 को बंद कर दी गई इसके बाद शोभापुर खदान 21 फरवरी 1975 को शुरू की गई और 1 जुलाई 2021 को या खदान बंद हो गई सारनी माइंस खदान 21 सितंबर 1979 को शुरू हुई और 31 मार्च 2024 को खदान बंद कर दी गई इसके बाद छतरपुर टू खदान 1993 में शुरू हुई और 30 मार्च 2024 को यह खदान से कोयले का खनन करना बंद कर दिया जाएगा 23 वर्ष में पाथाखेड़ा क्षेत्र की सात भूमिगत खदानें बंद हो गई लेकिन कोई भी जनप्रतिनिधि नई कोयले की खदान खुलवाने में सफल साबित नही हुए इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि प्रदेश और केंद्र में बैठे नेता केवल कागजों पर ही खदान खुलवाकर वह वही बटोरने का काम कर रहे हैं धरातल पर भूमिगत खदान सफेद हाथी साबित होते दिखाई दे रही है।

#### तैयारी की जाएगी

क्षेत्र में जल्द ही तवा थ्री खदान का भूमि पूजन किया जाएगा इसको लेकर अंतिम तैयारी की जा रही है नई इकाई की भी सौगात जल्द ही क्षेत्र को मिलेगी।

**रजीत सिंह,** विधायक प्रतिनिधि सारनी

#### नहीं हो पाई शुरुआत

प्रदेश और केंद्र में भाजपा की सरकार होने के बाद 23 साल में एक भी भूमिगत खदान की शुरुआत नहीं कर पाए 23 साल में सात भूमिगत खदानें बंद होने के कारण इस क्षेत्र से पलायन का दौर युद्ध स्तर पर जारी है। ऐसे में कब खदान और इकाई खुलेगी इसको लेकर सत्ता पक्ष का कोई भी नेता स्पष्ट कुछ कहने को तैयार नहीं है।

**तिरुपति एरुलू,** प्रदेश कांग्रेस सचिव

एक लाख रुपए कीमती 0.179 किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ चरस की जब्त

# चरस तस्करी करने वाले युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

सिवनीमालवा पुलिस ने चरस तस्करी करने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने आरोपी से एक लाख रुपये कीमती 0.179 किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ चरस जप्त किया है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह एवं अतिरक्त पुलिस अधीक्षक आशुतोष मिश्र के निर्देशन में तथा एसडीओपी सिवनीमालवा राजू रजक के नेतृत्व में जिला पुलिस बल नर्मदापुरम द्वारा अवैध मादक पदार्थ (चरस) जप्त करने मे सफलता प्राप्त की है। गौरतलब है कि थाना सिवनी मालवा में 27 मार्च को जरिये मुखबिर के सूचना मिली कि बानापुरा ओवर ब्रिज के बाजू मे रौनक अग्रवाल के टपरे के पीछे एक व्यक्ति सफेद टी शर्ट व नीले रंग का जीन्स पहने है जो अपने पास चरस रखे हुये बेचने की फिराक में है। सूचना पर थाना प्रभारी उषा मरावी द्वारा टीम का गठन किया गया व मुखबीर सूचना से अवगत कराकर उचित वैधानिक कार्रवाई के लिए रवाना किया गया। सूचना पर टीम द्वारा तत्काल वताये गये घटना स्थल ओवर ब्रिज के बाजू में रौनक अग्रवाल के टपरे के पीछे बानापुरा सिवनी मालवा पहुँचे जहाँ मुखबिर के बताये हुलिये का एक व्यक्ति खड़ा दिखाई दिया जो पुलिस को आता देखकर भागने का प्रयास करने लगा जिसे टीम द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा एवं नाम पता पुछा जिसने अपना नाम दीपक कहार उर्फ दीपक कालिया पिता लालचंद कहार उम्र 35 साल निवासी नाला मोहल्ला सिवनी मालवा का रहने वाला बताया। जिसकी तलाशी ली गई। जिसके पास एक सफेद रंग की पालिथिन में हरे काले रंग का गंध एवं नमीयुक्त मादक पदार्थ चरस मिला जो उक्त मादक पदार्थ का वजन इलेक्ट्रानिक तौल काटे पर रखकर वजन किया तो अवैध मादक पदार्थ चरस का वजन 0.179 किलो ग्राम पाया गया जो आरोपी दीपक कहार उर्फ दीपक कालिया पिता लालचंद कहार उम्र 35 साल निवासी नाला मोहल्ला सिवनी मालवा से जप्त किया गया एवं आरोपी को गिरफ्तार किया गया एवं आरोपी के विरुद्ध थाना सिवनी मालवा मे अपराध क्रं. 191/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया एवं आरोपी दीपक कहार उर्फ दीपक कालिया को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जा रहा है। वहीं अवैध मादक पदार्थ चरस का वजन 0.179 किलोग्राम कीमती करीबन एक लाख रुपये का जप्त किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सिवनी मालवा निरीक्षक उषा मरावी, उपनिरीक्षक नरेन्द्र लिल्होरे, कार्यवाहक उपनिरीक्षक शहजाद खान, आरक्षक संदीप दुबले, धर्मेंद्र, ओमप्रकाश जाट, मुकेश झाडे, दीपक प्रजापति, अशोक मीना, राहुल राजपूत की मुख्य भूमिका रही।

## विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद ने किया प्रतिभाओं को सम्मानित



इटारसी। विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद इटारसी के तत्वावधान में गुरुवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मालवीय गंज में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में विद्यालय में पढ़ चुके पूर्व छात्रों द्वारा उनकी शिक्षिका स्वर्गीय लता सामक की स्मृति में विद्यालय के परिक्षा परिणाम में प्रत्येक कक्षा की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं एवं उनके अभिभावकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय की पूर्व छात्रा डॉ साक्षी शर्मा मौजूद थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ पी एम पहाडिया ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में युवा वाहिनी की जिला अध्यक्ष अर्चना मालवीय एवं सरस्वती शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष अभिषेक तिवारी उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद के जिला संयोजक सौरभ दुबे ने आगामी कार्ययोजना के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य जय सिंह ठाकुर, पूर्व छात्र प्रखर मालवीय, योगेश शुक्ला, पार्षद कुंदन गौर, शिवप्रसाद श्रीवास्तव, सुनील सोनी, रवि यदुवंशी सहित विद्यालय के आचार्य, दीदी, अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बृजमोहन सिंह सोलंकी ने एवं आभार प्रदर्शन रामगोपाल शर्मा ने किया।

# नल-जल योजना में असफल, पीने के पानी के लिए हो रही जनता परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

मध्य प्रदेश शासन एवं केंद्र सरकार के द्वारा जल मिशन योजना तथा नल जल योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक व्यक्ति के घर तक पानी पहुंचाने के लिए योजना का संचालन किया जा रहा है। जिसे लगभग तीन वर्ष बीत चुके हैं लेकिन आज दिनांक तक पिपरिया विकासखंड की 52 ग्राम पंचायत के लगभग 300 गांव में कहीं भी यह योजना पूरी तरह से सफल नहीं हुई है। मुख्य रूप से एसडीओएस सी साहू की लापरवाही वर्तमान में नजर आ रही है। देसी कारण से एसडीओ से इस बारे में जानकारी चाहिए तो उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया और ना ही कुछ समय के बाद वापस लगाकर जानकारी प्रदान की गई। स्पष्ट होता है कि अधिकारी की मिली भगत के कारण जनता पीने के पानी को परेशान है और लगभग प्रत्येक ग्राम पंचायत में 30 लाख से ऊपर की लागत से यह योजना संचालित किया रही है। उदाहरण के तौर पर ग्राम पंचायत राय खेड़ी के ग्राम सर्रा में सरपंच पति फुलेंद्र पटेल ने बताया कि ग्राम पंचायत में गांव सररामें 34 लख रुपए की लागत से नल जल योजना के लिए ठेकेदार के माध्यम से नलकूप का खनन एवं पाइपलाइन बिछाने के बाद प्रत्येक मकान तक नल कनेक्शन देने का प्रावधान था। लेकिन वर्तमान में ग्राम में नलकूप खुदा हुआ है जो फेल हो चुका है जिसमें पानी ही नहीं निकल



रहा है। उसके बाद भी पाइपलाइन डाल दी गई है लेकिन अभी तक 3 वर्ष में भी लोगों को पीने के लिए पानी उपलब्ध नहीं हो रहा है। इसी तरह से प्रत्येक ग्राम पंचायत में लोक स्वास्थ्य यंत्र के विभाग की एसडीओ एवं ठेकेदार की मिली भगत से ग्राम वासियों को बेवकूफ बनाया जा रहा है। मुख्य रूप से सारा में तो कुछ भी नहीं हुआ है उसके बाद भी बिजली विभाग के द्वारा मीटर लगा दिया गया है। तरह से देखा जावे तो प्रतीक ग्राम पंचायत में पंचायत के द्वारा बनाई गई सारी सीसी रोड़ ड नाली ठेकेदारों के द्वारा तोड़ दी गई है। अनुबंध के आधार पर ठेकेदार के द्वारा पाइप लाइन डालने के बाद सड़क का मरम्मत कार्य करके देना था लेकिन ठेकेदारों के द्वारा वह कार्य भी नहीं किया गया है पूरी पंचायत सीसी रोड को तोड़कर कच्ची रोड बना दी गई है। केंद्रों के खिलाफ आज दिनांक तक एसडीओ के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। नोटिस जारी करने के बाद ब्लैकलिस्टेड करने का प्रस्ताव भर उच्च अधिकारियों को भेजा गया है। जबकि ऐसे मामले में ठेकेदार के मिला एफ फिर दर्ज होना थी ग्राम पंचायत पनारी, रिछैडा, पचलावरा, खापरखेड़ा सहित मुख्य मार्ग किनारे किसी भी पंचायत में अरे देखा जा सकता है अरे अधूरा पड़ा हुआ है। बिजली विभाग के द्वारा मीटर लगा दिए गए हैं जिन पंचायत में इस योजना को ठेकेदारों के द्वारा अधिकारियों के दबाव में पंचायत को सूचित किया गया है उन पंचायत में ठेकेदार के द्वारा द्वारा प्रारंभ से लेकर बिजली का बिल जमा नहीं किया है। जिसके कारण आज बिजली विभाग कनेक्शन काट रहा है और पंचायत राशि जमा कर रही। पनारी के सरपंच सविता प्रीतम सिंह सिंधिया के द्वारा कई बार अधिकारियों को आवेदन दिया गया है। लेकिन आज दिनांक तक इस विषय में उप यंत्री रवि केलवा से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि लगभग 25 ग्राम पंचायत में कार्य पूर्ण हो चुका है सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। बनखेड़ी मिलकर लगभग 50 गांव में पूर्ण हो चुका है शेष कार्यों में लापरवाही बरतनी वाले ठेकेदारों के खिलाफ ब्लैक लिस्टेड करने के लिए उच्च अधिकारियों को प्रस्ताव भेजा गया है।

# ग्राम पथरोटा में महिला चौपाल का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जिले में मतदाता जागरूकता अभियान की गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी तारतम्य में गुरुवार को नर्मदापुरम जिले की तहसील इटारसी के ग्राम पंचायत पथरौटा में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नए मतदाताओं को जागरूक करने एवं समुदाय में 100 प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने गुलाल एवं फूलों की रंगोली बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। मतदाता जागरूकता चौपाल में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, शौर्य दल की सदस्य एवं मतदाता सखी उपस्थिति रहीं। महिला बाल विकास विभाग के सेक्टर पथरोटा की पर्यवेक्षक चेतना ढिवरे ने उपस्थित सभी महिलाओं को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई।

## मतदान को लेकर खेल प्रतियोगिता आयोजित

पिपरिया। नगर के सीएम राइम्स स्कूल प्राचार्य संजीव दुबे के नेतृत्व में जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश अनुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 सवीपप्लान के अंतर्गत खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी उमा पटेल के निर्देश अनुसार कबड्डी एवं अन्य खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें विकासखंड खेल समन्वयक प्रीतम सिंह पुरबिया ने बताया कि आयोजन में चार टीमों ने भाग लिया प्रतियोगिता में प्रचार संजीव दुबे ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर विजेता गोल्डन क्लब उपविजेता आर्शीवाद क्लब को ट्राफी एवं मैडल देकर पुरस्कार दिया। सभी खिलाड़ियों का साल स्टाफ से मताधिकार का उपयोग करने एवं मतदान के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई प्रतियोगिता में विकासखंड खेल अधिकारी एवं निर्णायक भूमिका में अभिषेक पटेल, राज ठाकुर के रूप में सहयोग किया।

# व्यय प्रेक्षक ने किया एसएसटी पॉइंट के साथ व्यय शाखा का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

लोकसभा निर्वाचन 2024 के निर्वाचन को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष कराये जाने के प्रयोजन से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन पर्यवेक्षण कार्य हेतु केंद्रीय व्यय प्रेक्षकों की नियुक्ति की गई है संसदीय क्षेत्र क्रमांक 17 नर्मदापुरम के लिए व्यय प्रेक्षक मीना कुमारी मीना आईएएस 2009 बैच को नियुक्त किया गया है व्यय प्रेक्षक द्वारा एसएसटी पॉइंट हथनापुर नर्मदा ब्रिज तथा गंजाल चेक पोस्ट का निरीक्षण किया प्रेक्षक द्वारा सिवनी मालवा तहसील कार्यालय पहुंचकर विधानसभा स्तर पर गठित व्यय



टीम से जानकारी ली विधानसभा की भौगोलिक स्थिति एफएसटी तथा बीएसटी के संबंध में भी विस्तृत जानकारी ली गई तथा बताया कि शिकायतों का निराकरण किस प्रकार किया जाएगा। शिकायतों का निराकरण तत्काल किया जाए निरीक्षण के समय नायब तहसीलदार नितिन राय, दीप्ति चौधरी, लायजनिंग ऑफिसर अनुराधा शाक्यवार, ज्योति अय्यर, लेखा अधिकारी अंबुज रावत, सहायक लेखा अधिकारी वेदांग चौहान राजस्व निरीक्षक श्याम सिंह तारे, निर्वाचन कार्यालय प्रभारी पंकज परसाई उपस्थित थे।

# नाटक कौमुदी महोत्सव का आयोजन 31 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली के सहयोग से साथी जनशिक्षण एवं संस्कृति समिति द्वारा चंद्रगुप्त मौर्य पर आधारित नाटक कौमुदी महोत्सव का आयोजन 31 मार्च रविवार को शाम 7 बजे से कविवर भवानी प्रसाद मिश्र संस्कृति भवन (ऑडिटोरियम) में होगा। नाटक कौमुदी महोत्सव के लेखक डॉ. रामकुमार वर्मा हैं, परिकल्पना एवं निर्देशन रत्नेश साहू का है। साथी जनशिक्षण एवं संस्कृति समिति नर्मदापुरम ने नाट्य प्रेमियों से इस नाटक में आवश्यक रूप से शामिल होकर इसे देखने का अनुरोध किया है। वहीं रामकुमार वर्मा द्वारा लिखित यह एकांकी भारतवर्ष के वैभवशाली साम्राज्य ईसा पूर्व 322 के समय पर आधारित है।

जब आर्यावर्त पर नंद के शासन में आचार्य चाणक्य का अपमान नंद ने किया, जिसके प्रतिफल में आचार्य चाणक्य ने समस्त नंद वंश का विनाश कर संपूर्ण आर्यावर्त का सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य को बनाया और महामंत्री रहते हुए एक अत्यंत प्रभावशाली राज्य की स्थापना की। इस एकांकी में कुसुमपुर जो मौर्य साम्राज्य की राजधानी है उसमें कौमुदी महोत्सव मनाए जाने की घोषणा की जाती है।

# अनहद संस्था ने किया होली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



नगर की साहित्यिक अनहद सांस्कृतिक लोक कला मंच संस्था के द्वारा एक स्थानीय निजी होटल में होली मिलन समारोह एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें अनाज संस्था के सदस्य गन कवि साहित्यकार एवं साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती का पूजन बंधन के साथ प्रारंभ हुआ। जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता कवि के द्वारा की गई मनीष शाह एवं अन्य लोग मंचासीन रहे प्रारंभ में गुलाल लगाई गई संस्था के संयोजक श्री कृष्णा शर्मा के द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया मंच का संचालन अखिलेश प्रजापति के द्वारा किया गया। इस वर्ष लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के कारण कार्यक्रम कमजोर ही रहा कार्यक्रम के प्रथम चरण में खुशबू नाहर के द्वारा गिरधर्मल शरद द्विवेदी आदि के द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए शुभकामनाएं प्रेषित की गई। कार्यक्रम के गति चरण में महिला कवियों के द्वारा भी अपनी प्रस्तुति दी गई अन्य विषयों पर केंद्रित एक से बढ़कर एक सदस्य रचनाएं प्रस्तुत कर कार्यक्रम को रस में बनाया देर रात तक चली इस कार्यक्रम में अनेक लोग उपस्थित रहे जिसमें साहित्यकार ओमप्रकाश भार्गव विशेष रूप से उपस्थित रहे। काम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# कायस्थ समाज ने इष्ट देव चित्रगुप्त और कलम-दवात का पूजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा युवा प्रकोष्ठ ने सिवनीमालवा में बुधवार 27 मार्च 2024 को सामूहिक रूप से सपरिवार अपने आराध्य देव भगवान श्री चित्रगुप्त एवं कलम-दवात का पूजन किया गया। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली मिलन समारोह आयोजित कर सभी को होली,भाईदूज की बधाई एवम शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश संगठन मंत्री आशीष श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष विजय प्रकाश श्रीवास्तव, नवनियुक्त जिला महामंत्री भानु श्रीवास्तव विशेष रूप से उपस्थित हुए। सिवनीमालवा टीम के लिए ये बड़े सौभाग्य की बात रही की जिला महामंत्री की घोषणा यहां की गई।



जिसकी सभी सदस्यों ने प्रशंसा कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सर्वप्रथम भगवान श्री चित्रगुप्त जी की पूजा-अर्चना, हवन, आरती पं रामशंकर दुबे द्वारा पूरे विधि-विधान से मंत्रोच्चार कर करायी गई। नर्मदापुरम से पधारे अतिथिगण एवम स्थानीय सामाजिक बन्धुओं ने पूजन- अर्चन के इस कार्यक्रम में सम्मलित होकर अपने इष्ट देव चित्रगुप्त की पूजन-अर्चना की। इसके उपरांत जिला नर्मदापुरम से पधारे अतिथियों का स्वागत पुष्पहार एवम कायस्थों की पहचान कलम, श्रीफल देकर किया गया । इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्री विजय प्रकाश श्रीवास्तव ने नगर कार्यकारिणी की उपस्थिति देखकर कहा कि हम इसी तरह एकजुट होकर सेवा कार्य करें। समाज को आगे बढ़ाने, नई दिशा देने हेतु बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। नई पीढ़ी, युवाओं को आगे बढ़ाकर समाज को मजबूती प्रदान करें ।

# सर्व ब्राह्मण महिला संगठन ने मनाया होली मिलन समारोह, दी शुभकामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

सर्व ब्राह्मण महिला संगठन द्वारा होली मिलन उत्सव मनाया जिसमें भारी संख्या में महिलाओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर फूलों की होली खेलते हुए होली की शुभकामना दी। होली मिलन कार्यक्रम संगठन की संरक्षक माधवी मिश्रा, कल्पना शर्मा की उपस्थिति में आयोजित हुआ जिसमें संगठन की गतिविधियों को लेकर चर्चा हुई। संगठन की अध्यक्ष ज्योति शर्मा ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि आप सब के सहयोग से संगठन ने लगातार ऊंचाइयों को छुआ है, यह सब आपके सहयोग से संभव हुआ है।

कुछ शख्सियत हमारे बीच हैं जिनके कारण महिला संगठन लगातार आगे बढ़ रहा है। संगठन



की संरक्षक कल्पना शर्मा के सम्मान में ज्योति शर्मा ने कहा कि स्पष्टता, परिश्रम, ईमानदारी और सदाचार के इन मानवीय गुना के कारण आज हमें से स्थान पर खड़े हैं, उनका मार्गदर्शन हमें संबल देता है। संगठन की संस्थापक माधवी मिश्रा को इन पंक्तियों के साथ सम्मान दिया, कि वह ज्यादातर खामोश रहती हैं परंतु कम बोलने वाले, बोलने वाली बहुत कुछ कहती हैं। इस दौरान शर्मा ने संरक्षक साधना दुबे, साधना शिलाकारी इंदिरा तिवारी, नीरू मिश्रा वंदना ओझा के सम्मान में अपने शब्द अर्पित किए। इस अवसर पर रेखा दुबे, पूजा तिवारी, चांदनी शुक्ला, सुनैना रावत, सुनीता जोशी, अजीता शुक्ला, हेमा पुरोहित, अर्चना शर्मा, पूनम तिवारी, राधा लाटा, मोना अवस्थी, मंजुला तिवारी, बीना तिवारी, मधुलिका तिवारी सहित बड़ी तादाद में महिलाओं ने उपस्थित होकर एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर फूलों की होली खेली तथा व्यंजनों का लुफ्त उठाया।

## होली के अवसर पर किया गया अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन

# ओ अम्मा! वोट डारन चलें, गली-गांव अपने संवारन चलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

होली पर्व पर देनवा गार्डन में बुधवार रात अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें कवियों ने मतदाता जागरूकता अभियान को समर्पित रचनाओं सहित अन्य रचनाओं की प्रस्तुति दीं। जिन्हें श्रोताओं व अधिकारियों ने भरपूर सराहा। इस दौरान मतदाता जागरूकता गतिविधियां एसडीएम बृजेंद्र रावत, जनपद पंचायत सीईओ एसके अग्रवाल, तहसीलदार अलका एक्का, पीआई बृजेश तिवारी, नपाधिकारी संजय परसाई, स्वच्छ भारत मिशन अधिकारी स्वदेश प्रजापति, अमित मिश्रा, नपकर्मी प्रबुद्ध दुबे, प्रहलाद किरार, लक्ष्मीनारायण मालवीय, राजेश रघुवंशी, अनिल रघुवंशी, रणधीर रघुवंशी, हुकुमचंद मेहरा, पीसीओ गौरीशंकर मेहरा, ग्रापं सचिव गौतम रावत आदि की उपस्थिति में की गई। श्रोताओं को मतदान करने का संकल्प भी दिलाया गया।

### किया साहित्य गौरव सम्मान

आयोजक मंडल से जुड़े अभय खंडेलवाल, अभिनय सोनी, कीर्ति दुबे, रत्नेश सोनी, सौरभ सोनी ने बताया कि सभी कवियों का आयोजक संस्थाओं की ओर से सम्मान किया गया। वहीं सोहागपुर के वरिष्ठ गीतकार शरद व्यास का आध्यात्मिक संत पं. मनमोहन मुदगल एवं बुंदेली कवि पं. राजेंद्र सहारिया के हाथों प्रशस्ति पत्र से साहित्य गौरव सम्मान कराया गया। इस दौरान श्रोता रूप में शहर के वरिष्ठजन, साहित्य प्रेमी एवं महिलाएं भी उपस्थित रहीं।




### कवियों ने पढ़ी कविताएं

अभय खंडेलवाल ने बताया कि भरत खंडेलवाल माखन नगर ने यदि बन अहिंसक अशोक अपने शस्त्र नही खोते, तो अखंड भारत के खंड खंड नही होते , पवन सराठे इटारसी ने जीवन है संग्राम बता कर चले गए। कर्तव्यों के नाम बता कर चले गए।, संदीप मदन गुरु बुधनी ने मतदान से जरूरी नहीं कोई दूजा काज है। स्वर्णीम भविष्य का ये सुनहरा आगाज़ है , राहुल राय बनखेड़ी ने हम अपना फर्ज निभायेगें, तुम अपना फर्ज निभाना, हम तैनात ड्यूटी पर रहेगें ,तुम भी वोट डालने आना, विनोद अंजान अमरवाड़ा ने सभी पुरुषार्थ के पर्याय आठों याम बैठे हैं, रघुकुल की निभाने रीत चारों धाम बैठे हैं,रंजना गौतम चंदिया उमरिया ने मैं वो नदिया हूँ जो पहुँची है उमंगें लेकर, ये समंदर मेरे उत्साह को फ़ीका न करे , हरीश पांडे पिपरिया ने ना चूड़ी ना बिंदी ना श्रृंगार दे, हे जननी तू मुझको भी अवतार दे, आशीष सोनी गाडरवारा ने ऐसे रंग डालो कि तन मन तिरंगा हो जाये, ऐसी भंग पीसो कि जन गण तिरंगा हो जाये एवं शरद व्यास सोहागपुर ने ओज, हास्य, श्रृंगार, प्रेम एवं होली पर्व पर आधारित रचनाएं प्रस्तुत कीं। कवि अमित बिल्लौरे के मतदाता जागरूकता अभियान को समर्पित गीत ₹ओ अम्मा वोट डारन चलें, गली गांव अपने संवारन चलें₹ की अधिकारियों ने प्रशंसा की। एसडीएम रावत ने बताया कि नर्मदापुरम कलेक्टर सोनिया मीना ने भी स्वीप अभियान को समर्पित कार्यक्रम एवं रचनाओं की प्रशंसा की है। कार्यक्रम का संचालन पवन सराठे इटारसी ने किया। अभय खंडेलवाल, अभिनय सोनी, कीर्ति दुबे, रत्नेश सोनी, सौरभ सोनी ने श्रोताओं, कवियों व अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

# कार्यशाला में सिखाई केरियर से संबंधित अनेक बातें

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शासकीय एमजीएम पीजी कालेज में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में 30 दिवसीय कौशल विकास कार्यशाला का समापन प्राचार्य डॉ.राकेश मेहता की अध्यक्षता में हुआ। यह कार्यक्रम उन्नति फाउंडेशन बैंगलोर द्वारा अधिकृत विषय विशेषज्ञ महक राजपूत ने किया। कार्यशाला में 25 विद्यार्थियों को प्रशिक्षण मिला।

समापन दिवस में विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त विभिन्न कौशल जैसे अंग्रेजी बोलना, कम्प्यूटर संबंधी मूलभूत ज्ञान, साक्षात्कार की तैयारी, जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण, समय प्रबंधन आदि का प्रदर्शन किया। मां सरस्वती की दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुए समापन कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने प्राचार्य डॉ.राकेश मेहता, प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. पीके अग्रवाल, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. विनोद कृष्णा, डॉ. संतोष अहिरवार का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। प्राचार्य डॉ.राकेश मेहता ने विद्यार्थियों से कहा कि यह कौशल विकास कार्यक्रम प्रतियोगी परीक्षाओं में सहायक होगा।

उन्होंने अंग्रेजी में भाषण देते हुए दो अंग्रेजी कविता 'व्हेनयूआर हैप्पी एवं 'रो द बोट' का पाठ कर विद्यार्थियों को प्रेरित किया। महक राजपूत ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि उन्हं टिसु पेपर नहीं बल्कि प्रश्न पत्र बनाने का प्रयत्न करना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### सिंचाई करने से पहले अग्रिम अनुबंध जरूर करा लें

**हरदा।** कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग हरदा डीके सिंह ने बताया कि ग्रीष्मकालीन मूंग फसल वर्ष 2024 के लिए विभाग द्वारा प्रस्तावित नहरों के ऐलान क्षेत्र में चूने की लाइन व लाल झंडी लगाई हैं। प्रस्तावित क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले किसान ही मूंग फसल की बोनी करें। पम्प सायफन द्वारा सिंचाई करने वाले सभी किसान सिंचाई से पूर्व अग्रिम अनुबंध अवश्य कराएं।

### मदिरा के अवैध विक्रय व संग्रहण करने वालों पर हुई कार्रवाई

**हरदा।** आबकारी विभाग के दल ने बुधवार को अवैध मदिरा के विक्रय संग्रहण व परिवहन के मामलों में कार्यवाही की है। जिला आबकारी अधिकारी रितेश लाल ने बताया कि उनके विभागीय दल ने वृत हरदा के टंकी मोहल्ला, पीलियाखाल, खेड़ीपुरा व सरदार मोहल्ला वार्ड क्रमांक 25, वृत टिमरनी के ग्राम भादूगांव, टिमरनी व नांदवा में दबिश देकर 18 लीटर हाथ भट्टी शराब, 15 पाव देशी प्लेन शराब व 510 महुआ लहान जप्त किया। उन्होंने बताया कि मुद्देमाल जप्त कर मप्र आबकारी अधिनियम के तहत 7 प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिए गए।

### स्थैतिक निगरानी दल गठन के लिए संशोधित आदेश

**हरदा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह ने लोकसभा निर्वाचन में कानून व्यवस्था तथा शांतिपूर्ण मतदान एवं मतगणना कार्य संपन्न कराने के लिए लोकसभा संसदीय क्षेत्र बैतूल अंतर्गत जिले के विधानसभा क्षेत्र टिमरनी व हरदा में आने वाले क्षेत्रों के लिए कानून व्यवस्था एवं व्यय अनुवीक्षण की सतत निगरानी के लिए स्थैतिक निगरानी दलों का गठन किया है। डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड हरदा मयंक जैन को स्थैतिक निगरानी दल का नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। हरदा एवं टिमरनी विधानसभा क्षेत्र में तीन-तीन दल गठित किए गए हैं तथा दोनों विधानसभा क्षेत्र के लिए एक-एक रिजर्व दल भी तैनात किया गया है। सभी दलों में पुलिसकर्मी की नियुक्ति भी की गई है। दल में तैनात अधिकारी कर्मचारियों की तीन शिफ्ट में ड्यूटी लगाई गई है। जारी आदेश अनुसार स्थैतिक निगरानी दल जिले के सीमावर्ती क्षेत्र स्थित चेकपोस्ट पर तैनात किए जाएंगे।

### हादसाः बाइक फिसलने से युवक घायल

**हरदा।** गुरुवार को ग्राम सोडलपुर और आलमपुर के बीच बाइक फिलसने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। जानकारी के मुताबिक ग्राम गुठानिया का रहने वाला नवीन पिता सत्यनारायण सिरसाम (24) गांव से किसी काम के लिए टिमरनी जा रहा था। इस दौरान तेज रफ्तार से चल रही बाइक के सामने अचानक जानवर आ गया। जिसे बचाने के दौरान बाइक फिसलकर करीब 20 फीट दूर जा गिरी। इस दौरान बाइक चालक नवीन को सिर व हाथ में गंभीर चोट आई है। घायल युवक को राहगीरों की मदद से टिमरनी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### लोकसभा निर्वाचन के लिए 6 उड़नदस्ते गठित

**हरदा।** लोकसभा निर्वाचन के दौरान कानून व्यवस्था तथा निर्वाचन व्यय निगरानी के लिए 6 उड़नदस्ते गठित किए गए हैं। जिसमें टिमरनी व हरदा विधानसभा क्षेत्रों में 3-3 दल शामिल है। इन उड़नदस्तों में तीन-तीन शिफ्टों में अधिकारी कर्मचारी तैनात किए गए हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उड़नदस्ते का नोडल अधिकारी डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड मयंक जैन को बनाया है। टिमरनी विस क्षेत्र के लिए गठित उड़नदस्ता दल क्रमांक 1 में प्रातः 6 से दोपहर 2 बजे तक निरीक्षक मत्स्योद्योग हरदा सरिता चौकिकर की ड्यूटी लगाई गई है। इसी दल में दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक उपयंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा हरदा श्रीकांत पाराशर तथा रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे की शिफ्ट में ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी अनिल गरीड की ड्यूटी लगाई गई है। टिमरनी विधानसभा क्षेत्र के लिये गठित उड़नदस्ता दल क्रमांक 2 में प्रातः 6 से दोपहर 2 बजे तक लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग हरदा के उपयंत्री मानवेन्द्र सिंह चौहान की ड्यूटी लगाई गई है।

# वृंदावन की तर्ज पर एक दूसरे पर फूल बरसाकर मनाया फाग उत्सव





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

सर्व ब्राह्मण समाज ने बुधवार को जिला मुख्यालय के सीताराम गार्डन में देर रात फागोत्सव मनाया। इसमें बरसाने और वृंदावन की तर्ज पर सभी ने एक दूसरे पर फूल बरसाकर फाग उत्सव मनाया।

इस अवसर पर फाग उत्सव से संबंधित भजनों की सुर लहरिया जयपुर की सुप्रसिद्ध गायिका कृपा पटेल ने अपनी मधुर आवाज में बिखेर कर माहौल को होलीमय कर दिया। इसके पहले कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों ने भगवान परशुराम की प्रतिमा पर पुष्पांजलि देकर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजेश पाराशर ने सभी सामाजिक बंधुओं से संगठित रहकर एक सूत्र में बंधे रहने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का संचालन महामंत्री सुनील तिवारी ने किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि परशुराम बोर्ड के अध्यक्ष पंडित विष्णु राजोरिया,विशेष अतिथि पंडित राकेश चतुर्वेदी, प्रकाशचंद्र वशिष्ठ,सर्व ब्राह्मण समाज के संरक्षक मनोहरलाल शर्मा, चंद्रकांत शुक्ला, अध्यक्ष राजेश पाराशर, कार्यकारी अध्यक्ष आचार्य पंडित ओमप्रकाश पुरोहित मंचासीन रहे। हिन्दू संस्कृति में सालभर आने वाले त्योहारों में अलग अलग तिथियों के चलते श्रद्धालुओं को होने वाली परेशानियों को देखते हुए जिले के विद्वान पंडितों ने एक मत होकर सर्वसम्मति से एक तिथि एक त्योहार का कैलेंडर तैयार किया गया है।जिसका फाग उत्सव के दौरान अतिथियों ने विमोचन किया।

### परिवार, वंश, गोत्र की रक्षा करें

*इस अवसर पर परशुराम बोर्ड के अध्यक्ष विष्णु राजोरिया ने कहा कि वर्तमान में सभी विप्र बंधुओं को सबसे पहले अपने परिवार, वंश एवं गोत्र की रक्षा करनी चाहिए। वहीं कार्यक्रम में मौजूद मातृ शक्ति से आह्वान किया कि वह अपने बच्चों को ऐसे संस्कार दे वो समाज के सामने एक उदाहरण प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि सभी माताएं यह प्रयास करे कि उनके बेटे बेटियों का विवाह ब्राह्मण समाज में ही हो। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति एवं सनातन धर्म के चलते भारत पहले भी विश्व गुरु रहा है। वहीं एक बार फिर से विश्व गुरु बनने को अग्रसर है।*

### फाग गीतों पर जमकर नाचे



लगभग 4 घंटे तक चले फाग महोत्सव में विभिन्न गीतों पर दर्शक जमकर नाचे। राधा कृष्ण सहित गोपियों के रूप में कलाकारों ने फाग गीतों की प्रस्तुति दी। होली के गीतों पर पंडाल में मौजूद लोग झूमते नजर आए एक-दूसरे पर फूल उड़ाकर बृज जैसा माहौल बना दिया। सभी श्रीकृष्ण राधा और गोपियों संग नाच कर खुद को गौरवान्वित करने को आतुर दिखे।

### घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद खरगोन जिला अस्पताल रेफर किया

# शादी का झगड़ा तोड़ने की बात को लेकर करोंदिया में संघर्ष, दो पक्ष के 6 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

जिले के कसरावद थाना क्षेत्र के करोंदिया के पास अहिल्यापुरा गांव में शादीशुदा महिला का झगड़ा तोड़ने की बात को लेकर आदिवासी समाज के एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर हमला बोल दिया। चाकूबाजी भी हुई। इसमें एक पक्ष के चार व दूसरे पक्षी के दो लोग घायल हुए हैं। यह घटनाक्रम बुधवार देर रात 11 बजे का बताया जा रहा है। मौके पर 108 एम्बुलेंस भी पहुंची थी लेकिन उसे पर भी पत्थर बाजी की गई। हालांकि इसकी पुलिस ने कोई पुष्टि नहीं की है। घायलों को कसरावद अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद खरगोन जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां घायलों का उपचार किया जा रहा है।

परिजनों से मिली जानकारी के मुताबिक शादी के बाद आदिवासी समाज में कुछ शादी के महीनों के बाद लड़की को प्रताड़ित करने पर पिता उसे घर ले आया था। पति के पक्ष के लोगों ने झगड़ा परंपरा के मुताबिक डेढ़ लाख रुपए की मांग की। एक पक्ष के लोगों ने नागलवाड़ी से जिला बड़वानी से वाहन में भरकर लोग करोंदिया गांव आए और राशि की मांग करते विवाद किया। बात बढ़ने पर दोनों पक्षों के बीच में संघर्ष की स्थिति बन गई। पुलिस को सूचना के बाद डायल 100 व एम्बुलेंस मौके पर पहुंची थी। उसके कांच भी तोड दिए गए। कसरावद पुलिस मामले की जांच कर रही है।



#### डेढ़ माह में देना थे, पहले आ गए

घायल की परिजन कविता वास्कले ने बताया हमारे परिवार की लड़की ब्याही गई थी। लेकिन मारपीट के कारण वह अब वहां नहीं रहना चाहती थी। डेढ़ माह में झगड़े की रकम डेढ़ लाख रुपए देना तय हुए थी लेकिन पिकअप लेकर 20 से ज्यादा लोग पहले ही आ गए और रुपए के लिए दबाव बनाकर हमला कर दिया।



#### ससुराल नहीं लौटना चाहती विवाहिता

राजेंद्र गोरिया ने थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनकी बेटी की शादी एक साल पहले ग्राम तिरी में कराई थी। दो माह पहले बेटी घर वापस आ गई है, वह अब ससुराल जाना नहीं चाहती। गुरुवार को राजेंद्र ओर उनकी बेटी अपने रिश्तेदार किशोर के यहां करोंदिया में थे, जहां तिरी से लड़के पक्ष के लोग झगड़ा लेने (रुपए) के लिए आए थे, बातचीत के दौरान मारपीट की। इस मामले में दोनों पक्ष से 6 लोग घायल हुए है। हीरालाल को चाकू लगने से गहरा घाव हुआ है।

**- मनोहर सिंह बारिया**, एएसपी खरगोन

### लोकसभा चुनाव...

## 3 दिन तक पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारियों ने सीखी मतदान की बारीकियां



**बुरहानपुर।** जिले में लोकसभा आम चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष हो इसे लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। समय-समय पर प्रशिक्षण आयोजित किए जा रहे हैं। 26 मार्च से पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा था जिसका समापन 28 मार्च को हुआ। 3 दिवसीय प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स ने पॉवर पाईंट प्रजेंटेशन के माध्यम से अफसरों को निर्वाचन कराए जाने की बारीकियां बताई। मास्टर ट्रेनर्स ने निर्वाचन आयोग से मिले दिशा निर्देशों से भी अवगत कराया।

#### जानी ईवीएम की चरणबद्ध प्रक्रिया

इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों को ईवीएम मशीन की चरणबद्ध प्रक्रिया और उसके संचालन से रूबरू कराया गया। अफसरों को प्रेक्टिकल के माध्यम से भी प्रशिक्षित किया गया। यह तीन दिवसीय प्रशिक्षण 2 सत्रों में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थियों को मतदान के दौरान रखी जाने वाली आवश्यक सावधानियां, निर्धारित प्रपत्रों को भरे जाने सहित अन्य बिन्दुओं की जानकारी दी गई। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या मित्तल के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ व नोडल अधिकारी सृष्टि देशमुख के मार्गदर्शन में यह प्रशिक्षण शासकीय सुभाष स्कूल बुरहानपुर में संपन्न हुआ।

### गुलाब का फूल भेंट कर मांग की

## भीम आर्मी ने आयुक्त से की थी डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा का काम चालू कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

पिछले दिनों भीम आर्मी के पदाधिकारियों ने नगर निगम आयुक्त सहित अन्य अफसरों को गुलाब का फूल भेंट कर मांग की थी कि उप नगर लालबाग में संविधा निर्माता डॉ. बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा का काम चालू कराया जाए। एक गुलाब के फूल से निवेदन करने पर 25 साल पुरानी मांग पूरी हुई और यहां काम चालू करा दिया गया है।

भीम आर्मी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दत्तू मेढ़े ने बताया प्रतिमा के लिए टेंडर प्रक्रिया होने के बाद भी कार्य को गति नहीं मिल रही थी इसके चलते हुए भीम आर्मी ने नगर निगम पहुंचकर कमिश्नर, इंजीनियर सहित संबंधित सभी अधिकारियों को गुलाब का फूल देकर निवेदन किया गया था कि काम चालू कराया जाए। इसके बाद गुरूवार को यहां का चालू करा दिया गया है। उन्होंने बताया अब ठेकेदार द्वारा खंडवा इंजीनियरिंग कॉलेज से मूर्ति हैवी होने के कारण ड्राइंग तैयार कर लाई जाएगी। सालों पुरानी मांग पूरी होने पर भीम आर्मी ने आभार जताया।



## डायवर्सन कर जमा नहीं करने वाले के विरुद्ध सिविल जेल की कार्यवाही

**खंडवा।** तहसीलदार खंडवा महेश कुमार सोलंकी ने बताया कि ग्राम कोटवाड़ा तहसील खंडवा स्थित सम्यक गोल्ड कॉलोनी के डायरेक्टर द्वारा कॉलोनी की भूमि पर बकाया डायवर्सन कर की राशि विगत कई वर्ष से जमा नहीं की जा रही थी, जिस कारण बकाया राशि 69 लाख तक हो गई। बकाया डायवर्सन राशि जमा करने के लिए कॉलोनाइजर को निरंतर सूचना दी जा रही थी और मांग पत्र भी भेजे गए। परन्तु कॉलोनीनाइजर द्वारा बकाया जमा करने में कोई रुचि नहीं दिखाई। इस कारण तहसीलदार खंडवा के प्रतिवेदन के आधार पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) खंडवा द्वारा सम्यक रिसोर्सेस के डायरेक्टर करण पिता निर्मल खण्डेलवाल निवासी एमजी रोड इंदौर के विरुद्ध सिविल जेल भेजने की कार्यवाही प्रारम्भ की जाकर, जमानती वारंट और नोटिस जारी कियाहै। जिसमें यदि सम्बन्धित द्वारा 28 मार्च 2024 को एसडीएम न्यायालय में उपस्थित होकर डायवर्सन कर की बकाया राशि जमा नहीं की जाती है, तो सम्बन्धित करण पिता निर्मल खण्डेलवाल को जेल भेजने के लिए जेल वारंट जारी किया जाएगा।

## पोस्टर और नारे लेखन व प्रश्नोत्तरी के माध्यम से किया मतदान के लिए प्रेरित



**हरदा।** मतदान के लिए जागरूक करने के संबंध में गांव से लेकर शहर तक जगह-जगह स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इन गतिविधियों में समाज के हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास तथा स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी संजय त्रिपाठी ने बताया कि गुरूवार को मतदाता जागरूकता गतिविधियों के तहत खिरकिया तहसील के ग्राम पोखरनी के आंगनवाड़ी केन्द्र में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान लोकगीत 'ईवीएम का बटन दबा दईयो' गाकर महिलाओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं का सम्मान कर मतदान के लिए प्रेरित किया गया तथा मेहंदी लगाकर व रंगोली बनाकर तथा मतदान की शपथ दिलाकर महिला मतदाताओं को 26 अप्रैल को लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान प्रश्नोत्तरी के माध्यम से भी मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया। इसी तरह खिरकिया के वार्ड क्रमांक 2 व 3 के आंगनवाड़ी केन्द्रों में मतदाता जागरूकता के लिए होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके अलावा आंगनवाड़ी केन्द्र शोभापुर में मेहंदी लगाकर महिला मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। भारतीय स्टेट बैंक की ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान परिसर हरदा में उपस्थित सभी प्रशिक्षु एवं स्टाफ को मतदान करने की शपथ दिलवाई गई। टिमरनी के ग्राम नौसर में आंगनवाड़ी केन्द्र पर मतदाता जागरूकता के लिए पोस्टर एवं नारे लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई।

### खंडवा जिला निर्वाचन के शुभंकर को कलेक्टर ने किया जारी

# हस्ताक्षर कर लिया मतदान का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

लोकसभा निर्वाचन में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए विभिन्न तरह के कार्यक्रम किए जा रहे हैं। एक जिला एक उत्पाद के तहत प्याज को खंडवा जिला निर्वाचन के शुभंकर के रूप में शामिल किया है। प्याज की तस्वीर के साथ मतदाताओं को प्रेरित करने के स्लोगन लिखे गए हैं। प्याज की तस्वीर का शुभंकर आकर्षण का केंद्र रहा। शुभंकर में स्लोगन लिखा है कि 'छोड़ के अपने सारे काम आओ चलो करें मतदान। इस शुभंकर को गुरूवार को कलेक्टर अनूप कुमार सिंह ने कलेक्टर कार्यालय परिसर में जारी किया।

कलेक्टर कार्यालय परिसर में मतदाता जागरूकता हेतु हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनूप कुमार सिंह व जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह सोलंकी ने लोकसभा निर्वाचन में मतदान करने संबंधी संकल्प पर हस्ताक्षर किए। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने निर्वाचन में मतदान करने संबंधी सेल्फी पाईंट पर जाकर सेल्फी ली। जिले के शासकीय अधिकारी, कर्मचारियों ने उपस्थित होकर लोकसभा निर्वाचन में मतदान करने हेतु हस्ताक्षर किए। इस कार्यक्रम में अपर कलेक्टर केआर बड़ोले, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आरसी खतेड़िया सहित विभिन्न जिला अधिकारीगण भी मौजूद थे। इस अवसर पर कलेक्टर सिंह ने उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को लोकसभा निर्वाचन में मतदान करने संबंधी शपथ भी दिलाई।




कलेक्टर ने बताया कि हरसूद विधानसभा क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान होगा, जबकि खण्डवा, पंधाना एवं मांधाता विधानसभा क्षेत्र में 13 मई को मतदान होगा। उन्होंने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। कलेक्टर सिंह ने कहा कि मतदान का प्रतिशत बेहतर हो, इसके लिए 75 प्रतिशत से कम मतदान वाले विधानसभा क्षेत्रों में विशेष मतदाता जागरुकता प्रचार वाहन चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खण्डवा, पंधाना एवं मांधाता विधानसभा क्षेत्र में फार्म-6 के माध्यम से नाम जोड़ने की कार्यवाही जारी है, जो 15 अप्रैल तक रहेगी। वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से भी मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकता है।

### शतायु मतदाताओं का सत्यापन

**खंडवा।** लोकसभा के अंतर्गत निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी अनूप कुमार सिंह के निर्देश पर 100 वर्ष की आयु पूरी कर चुके मतदाताओं का सत्यापन किया गया। बैतूल लोकसभा के हरसूद विधानसभा क्षेत्र में 10 ऐसे मतदाता हैं। जिनकी उम्र 100 वर्ष के पार है। बुधवार को खालवा तहसीलदार राजेश कोचले ,नायब तहसीलदार विनोद यादव,पटवारी सोनाली वास्कले ने पटाल्दा निवासी शतायु मतदाता सागरबाई के घर जाकर सत्यापन किया गया। वही ग्राम पटाल्दा मे सागर बाई, रजूर में छेंदया बाई, दिदम्दा मे मिश्री बाई, साल्याखेड़ा मे सीताबाई मंगल गिरी व उदियापुर मे जासोबाई का सत्यापन किया जाकर आगामी लोकसभा चुनाव मे मतदान के लिए प्रेरित किया। ज्ञात हो की 85 वर्ष से अधिक की आयु वाले समस्त मतदाताओं से निर्वाचन आयोग द्वारा घर पर ही मतदान करने की सुविधा रखी गई हैं।

### जागरुकता अभियान चलाया

## मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाई, रैली निकाली



**रहटगांव।** ग्राम पंचायत आमसागर के अंतर्गत ग्राम धनपाडा में लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया। कार्यक्रम में अनिल मल्हारे ने मतदाताओं को मतदान करने की शपथ दिलाई। लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान में भाग लेना चाहिए। जिन लोगों को वह चुनकर विधानसभा में भेजेंगे, वे मिलकर ही सरकार बनाएंगे। मल्हारे ने मतदाताओं को शपथ दिलाई कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचकों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। बीएलओ कैलाश बिलारे ने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। ग्राम धनपाडा में इस कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान शिक्षक प्रतापचंद धोसिया, शिक्षक मनोज पारे, ग्राम सचिव बीएलओ कैलाश बिलारे, जीआरस दीपक धोसिया ग्राम कोटवार गोंदालाल बड़ोदिया आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सूरेखा कहार, रमेश, रामजी, हरी गेंदालाल, राम बाई, पुष्पा बाई सुशीला बाई लिए, रुखीया बाई द्रोपती बाई सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।